हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

| NAAC Accredited<br>NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships |
|---|---|---|---|---|



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM | Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

## OUR TOP RECRUITERS

Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

**+91-9907252100**

www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in


**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1ST Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations

**KALSEE/KAL-MAT**

20-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/20/2024 8:06 PM Page 1





# मेघना गुलजार की फिल्म से बाहर हुए सिद्धार्थ?

**मुंबई।** सिद्धार्थ और मेघना गुलजार ने आगामी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, लेकिन अब कहा जा रहा है कि दोनों फिलहाल इस फिल्म में एक साथ काम नहीं कर रहे हैं। अभिनेता ने इस फिल्म से हाथ पीछे खींच लिया है। वह अपने अभिनय में विविधता लाना चाहते हैं। इस फिल्म में उन्हें एक बार फिर से वर्दी वाला किरदार करना था, इसलिए उन्होंने फिल्म से दूरी बनाने का फैसला किया है। वह दर्शकों को अपनी बहुमुखी अभिनय प्रतिभा दिखाना चाहते हैं। हालांकि, वह मेघना के साथ आगे काम करने को काफी इच्छुक हैं। सिद्धार्थ पिछले कुछ वर्षों में तीन बार वर्दी में नजर आए हैं।

## लाइफ Style

# श्रद्धा
## राहुल मोदी के साथ किया रिश्ता कंफर्म?

श्रद्धा कपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्री हैं। पिछले कुछ दिनों से कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा है कि वह कथित रूप से तू झूठी मैं मक्कार के लेखक राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। दोनों की तरफ से इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट किया है, जिससे एक बार फिर से कयासों का दौर शुरू हो गया है। दरअसल, श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ एक सेल्फी पोस्ट की है। इसके साथ उन्होंने दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है। तस्वीर के साथ श्रद्धा ने लिखा, 'दिल रख ले...नींद तो वापस दे दे यार।' यह पहला मौका है जब अभिनेत्री राहुल के लिए सार्वजनिक तौर पर ऐसा कुछ पोस्ट किया है।

इस साल की शुरुआत में दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं। कई मौकों पर दोनों को एक साथ भी देखा गया। वहीं, अभिनेत्री को गले में एक चेन पहने हुए भी देखा गया, जिस पर पहला अक्षर आर लिखा था, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि यह उन्हें राहुल ने उपहार में दी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो श्रद्धा की मुलाकात राहुल से फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के दौरान हुई। तब वह इस फिल्म से लेखक के तौर पर जुड़े हुए थे। कथित तौर पर साथ काम करते हुए दोनों एक-दूसरे को जानने लगे और प्यार हो गया। राहुल 'प्यार का पंचनामा 2', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'रेसिस्टर' के लिए निर्देशक की तलाश

**लॉस एंजिलिस।** विल स्मिथ इन दिनों अपनी फिल्म 'बैड बॉयजः राइड ऑर डाई' की सफलता को भुना रहे हैं। इसी बीच अभिनेता की आगामी फिल्म पर भी दिलचस्प अपडेट सामने आ गया है। विल एक बार फिर सोनी पिक्चर्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। उनकी अगली फिल्म 'रेसिस्टर' होगी। यह साइंस फाई थ्रिलर, डैनियल सुआरेज के 2014 के उपन्यास 'इन्फ्लक्स' पर आधारित है। 'रेसिस्टर' पर काम चल रहा है और फिलहाल निर्देशक की तलाश की जा रही है।





# 'स्माइल 2' के ट्रेलर को देख कर भूल जाएंगे मुस्कुराना

**लॉस एंजिलिस।** हॉरर फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए जबरदस्त खबर आई है। 'स्माइल 2' का टीजर ट्रेलर रिलीज हो चुका है। साथ ही साथ फिल्म के मेकर्स ने रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। 'स्माइल 2' के टीजर को देखकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह फिल्म इस साल 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाओमी स्कॉट और लुकास गेज जैसे स्टार्स से सजी इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर रूह कांप जाएगी। नाओमी स्कॉट और लुकास गेज की फिल्म 'स्माइल 2' का निर्माण पैरामाउंट ने किया है। यह फिल्म सस्पेंस और हॉरर फिल्म 'स्माइल' की सीक्वल है। 'स्माइल 2' के ट्रेलर की शुरुआत स्माइल एंटिटी के वापस आने से होती है।



# 'डबल एक्सएल' के सेट पर डर गई थीं

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल फिल्म 'डबल एक्स एल' में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में हुमा कुरैशी भी नजर आई थीं। इन दिनों सोशल मीडिया पर सोनाक्षी और जहीर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें जहीर अपनी होने वाली जीवनसंगिनी के साथ प्रैंक करते दिख रहे हैं। वीडियो में सोनाक्षी और हुमा सेट पर घूमती दिख रही हैं, तभी अचानक जहीर पीछे से आकर सोनाक्षी को डरा देते हैं। सोनाक्षी डर जाती हैं। इसके बाद जहीर बहुत जोर से हंसते हैं। हुमा कुरैशी भी यह नजारा देख अपनी हंसी नहीं रोक पाई हैं। फिल्म 'डबल एक्स एल' वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी की बात करें तो इसमें इनके करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल होंगे।



# 'नो एंट्री-2' पर बोले यही लाइफ है

**मुंबई।** अनिल कपूर अब बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट करने वाले हैं। अनिल को बिग बॉस होस्ट करता देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। अनिल ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं जिसमें नो एंट्री और वेलकम 3 शामिल हैं। अब इन दोनों फिल्मों का दूसरा पार्ट आ रहा है। हालांकि दोनों ही फिल्मों में अनिल कपूर नहीं हैं। नो एंट्री तो उनके भाई बोनी ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। बोनी ने तो बताया था कि अनिल उनसे इस वजह से खफा भी हैं। अब अनिल ने खुद इस पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुझे 2 फिल्मों से रिप्लेस कर दिया गया। इसके पीछे क्या वजह है मुझे नहीं पता। लेकिन ऐसी चीजें होती रहती हैं। हम अपना काम ईमानदारी और सच्चाई से करते हैं। बस यही लाइफ है।

## टीवी मसाला



# जवाब देने में माहिर हैं टीवी इंडस्ट्री की ये बालाएं...

**नई दिल्ली।** टीवी जगत की अभिनेत्रियां अक्सर अपनी सीरियल वाली इमेज में बंध जाती हैं। उनमें से कई अभिनेत्रियां तो शो के बाहर भी कम बोलती नजर आती हैं। वहीं छोटे पर्दे की कुछ बालाएं ऐसी हैं जो असल जिंदगी में बहुत बोलती हैं। वे किसी भी बात का जवाब देने से घबराती नहीं हैं।

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम 'बिग बॉस' फेम ***शहनाज गिल*** का आता है। वे तो शो के दौरान सलमान खान को भी अपनी बातों से चुप करवा देती थीं। इस शो के दौरान दर्शकों को उनका चुलबुला अंदाज काफी पसंद आया था। वे शो कैंची की तरह जबान चलाती नजर आई थीं। वे पैपराजी तक को भी जवाब देने से कतराती नहीं हैं।

ऐसे ही ***निक्की तंबोली*** भी बहुत बोलती हैं। वे 'खतरों के खिलाड़ी' में सबको अपनी प्यारी बातों से चुप करवा देती थीं। सोशल मीडिया पर अक्सर उनकी तस्वीरों के अलावा उनकी बातों के क्लिप्स की वायरल होते रहते हैं। वे अपने मन की बात बिना लाग लपेट के बोल देती हैं।

इस लिस्ट में 'उडारियां' फेम ***ईशा मालवीय*** का भी नाम शामिल है। वे 'बिग बॉस' के पिछले सीजन में नजर आई थीं। शो के दौरान वे कई बार शो के होस्ट सलमान खान तक को जवाब देती दिखी थीं। ईशा शो में विक्की जैन के साथ काफी गप्पें मारती नजर आती थीं।

प्रियंका चोपड़ा की चचेरी लाडली बहन ***मन्नारा चोपड़ा*** भी बातें करने में या जवाब देने में किसी से कम नहीं हैं। वे 'बिग बॉस' में डंके की चोट पर अपनी बातें रखती नजर आई थीं। उनका बेबाक अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद भी आया था।

# 'कल्कि 2898 एडी' का एक और पोस्टर हुआ जारी, जल्द होगी रिलीज



**मुंबई।** 'कल्कि 2898 एडी' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए देश-विदेश में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म में कई बड़े सितारों का जमावड़ा देखने को मिलने वाला है। फिल्म में भारतीय पौराणिक कथाओं और साइंस-फिक्शन का मिश्रण देखने को मिलने वाला है। फैंस ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इसे सिनेमाघरों में देखने के लिए और बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 27 जून को रिलीज होने वाली है। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अब फिल्म का एक और नया पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में वरिष्ठ अभिनेत्री शोभना का पहला लुक सामने आया है। इस पोस्टर में वह लंबे समय से प्रतीक्षा करती नजर आ रही हैं। फिल्म में वह मरियम के किरदार में नजर आने वाली हैं। बता दें कि शोभना तेलुगु सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, उन्होंने पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। यह फिल्म भारत में बनी सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण, दिशा पटानी, पसुपति और राजेंद्र प्रसाद आदि कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में संतोष नारायणन ने संगीत दिया है। वहीं, फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज के बैनर तले अश्विनी दत्त ने किया है।



# गिनीज बुक में दर्ज है नाम

*नई दिल्ली। मशहूर गायिका अलका याग्निक ने 14 साल की उम्र में फिल्म 'पायल की झंकार' का 'थिरकत अंग लचक झुकी' गाना गाया। अल्का याग्निक अब तक करीब 21 हजार गानों को अपनी सुरीली आवाज से सजा चुकी हैं। इनमें ये बंधन तो, हमने तुमको दिल ये दे दिया और उड़ जा काले कावां भी शामिल हैं। 90 के दशक में अलका याग्निक की आवाज का जादू खूब चला। अपनी गायिकी के लिए अलका याग्निक का नाम गिनीज बुक में भी दर्ज हो चुका है। वर्ष 2022 में वह दुनियाभर में सबसे ज्यादा सुनी जाने वाली सिंगर रहीं। अलका ने बीटीएस, टेलर स्विफ्ट, ब्लैकपिंक जैसे इंटरनेशनल आर्टिस्ट को पछाड़कर ये रिकॉर्ड बनाया। 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' के हिसाब से उस साल अलका याग्निक को यूट्यूब पर हर दिन औसतन 15.3 बिलियन बार स्ट्रीम किया गया। उनके टॉप गानो में एक दिन आप (यस बॉस), तू शायर है (साजन), ऐसी दीवानगी (दीवाना), गली में आज चांद निकला, (जख्म), राजा को रानी से प्यार हो गया (अकेले हम अकेले तुम), हम तो दीवाने हुए यार (बादशाह), दिल ने ये कहा है दिल से (धड़कन), सूरज हुआ मद्धम (कभी खुशी कभी गम), कुछ तो हुआ है (कल हो ना हो) और अगर तुम साथ हो (तमाशा) शामिल हैं, जिन्हें दर्शक बड़े चाव से सुनते हैं।*

# जो करने का मन है, वही करना चाहिए : नीरज पांडे

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

## जुहू पीवीआर में 'औरों में कहां दम था' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट

13 जून को मुंबई के जुहू स्थित पीवीआर में अजय देवगन, तब्बू, जिम्मी शेरगिल, शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर स्टारर फिल्म 'औरों में कहां दम था' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट के साथ-साथ डायरेक्टर नीरज पांडे और संगीतकार एम एम कीरवानी भी मौजूद थे। ट्रेलर लॉन्च के दौरान सभी ने प्रेस के सवालों के जवाब दिए।

***16 साल बाद नीरज पांडे लेकर आए लव स्टोरी :*** डायरेक्टर नीरज पांडे ने अब तक 'स्पेशल 26', बेबी और एम एस धोनी जैसी फिल्मों को डायरेक्ट किया है। वहीं इतने सालों बाद रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा में हाथ आजमाने जा रहे हैं। नीरज पांडे ने बताया कि 16 साल पहले वो रोमांटिक फिल्म ही बनाने चाहते थे लेकिन तब उन्हें कोई प्रोड्यूस करना नहीं चाह रहा था, इसलिए इतना समय लग गया। वहीं आज के समय में रोमांटिक फिल्म बनाने के रिस्क के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा- 'जो करने का मन है वही करना चाहिए और अगर सभी एक्शन फिल्में बना रहे हैं तो जरूरी है कि मैं इसके उलट लव स्टोरी बनाऊं'।



### तब्बू और अजय की खट्टी-मीठी केमिस्ट्री

तब्बू और अजय देवगन ने 1994 में पहली बार साथ काम किया था और दोनों की केमिस्ट्री फैंस को पसंद भी आती है। लॉन्चिंग के दौरान दोनों के बीच खट्टी-मीठी केमिस्ट्री देखने को मिली। तब्बू ने बताया कि अजय देवगन सारी गॉसिप उनसे पूछते हैं।

### फीलिंग्स कभी नहीं बदलती : अजय

ये एक रोमांटिक लव स्टोरी ड्रामा फिल्म है, ऐसे में पूछा गया कि 2024 में प्यार किस तरह बदल चुका है? इस पर अजय देवगन ने जवाब दिया - 1824, 1724 हो या 1624... फीलिंग्स हमेशा एक ही समान रहती है। आप बस कितना अभिव्यक्त कर पाते हो इसका ही फर्क है।

### इस उम्र में रोमांटिक रोल करने पर तब्बू का जवाब

'पहले तो मैं डायरेक्टर नीरज पांडे को धन्यवाद देना चाहती हूं मुझे फिल्म में लेने के लिए'। आगे उन्होंने कहा- रोमांस युवा या किसी एज ग्रुप का नहीं, यहां बंदिशें नहीं हैं। एक रिलेशनशिप, प्यार या रोमांस से बड़ा और खूबसूरत होता है और एक ह्यूमन रिलेशनशिप को जानने का कोई अंत नहीं होता। फिल्म का निर्माण एन.एच स्टूडियोज ने किया है। वहीं ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

20-Jun- Jash-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/20/2024 8:03 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 21 जून 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 36.2 डिग्री

4
85 हजार किसानों के खाते में 17 करोड़ 31 लाख की सम्मान निधि अंतरित



# अंतरष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश में पहली बार गर्भवती महिलाएं सामूहिक योग कर रचेंगी इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जशपुर में जशपुर योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस बार विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को केंद्र में रखकर योग महोत्सव आयोजित होगा। गर्भवती महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

गर्भस्थ शिशु के समुचित विकास के लिए गर्भवती माताओं का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। इसीलिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश में पहली बार इस तरह के योग महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। गर्भवती महिलाएं सामूहिक रूप से कुशल योग प्रशिक्षकों के दिशा-निर्देशन में योग करेंगी। इस कार्यक्रम का आयोजन जशपुर में महाराजा चौक के निकट स्थित कम्युनिटी हॉल में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पूरे राज्य में किया जाएगा। राहुल रायपुर योगपीठ के प्रशिक्षक महिलाओं को योग कराएंगे।

## ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित होंगे योग सत्र

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय योग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। छतीसगढ़ योग आयोग के योग प्रशिक्षक इन योग सत्रों का संचालन करेंगे। सीएचसी स्तर पर इन सत्रों की निगरानी सीएचसी के बीपीएम द्वारा की जाएगी। स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों पर भी योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिसकी निगरानी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे। मुख्यमंत्री की योग एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कल योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन योग सत्रों के द्वारा महिलाओं में गर्भावस्था से पहले, गर्भावस्था के दौरान एवं बाद में योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर आयोजित होने वाले इन योग सत्रों का मुख्य उद्देश्य माताओं एवं उनके शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं विकास को सुनिश्चित करना है।

## सांसद राधेश्याम राठिया होगें मुख्य अतिथि

जशपुरनगर । दशम अंतर्राष्टीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन 21 जून 2024 को रणजीता स्टेडियम जशपुर में रायगढ़ लोकसभा सांसाद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथित्य में सम्पन्न होगा। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री उपेन्द्र यादव एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता शामिल होगें। दशम अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 7.00 से 8.00 बजे तक रणजीता स्टेडियम में योग प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स-रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

## खबर संक्षेप

### शासकीय भूमि पर कब्जा कर घर बनाने का विरोध



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय से लगे मनोरा में कुछ लोगों द्वारा कुम्हार बस्ती के बगीचा में कुछ लोगों द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण किया जा रहा था। कुम्हार बस्ती के लोगों द्वारा विरोध करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए पुलिस चौकी और तहसील कार्यालय में आवेदन दिया है की किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा कुम्हार बस्ती के बगीचा में शासकीय भूमि पर मकान बनाया जा रहा है। लोगों ने कहा है की जल्द से जल्द निर्माण कार्य पर रोक लगाया जाए अगर नही रोका गया तो हम सब बस्ती वाले मकान बनाने नही देंगे।

### जिले में 1 जून से अब 31.5 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 31.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 20 जून तक औसत वर्षा 73.0 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 19.8 मिमी, मनोरा में 30.0 मिमी, कुनकुरी में 26.1 मिमी, दुलदुला में 14.5 मिमी, फरसाबहार में 24.9 मिमी, बगीचा में 79.1 मिमी, कांसाबेल में 33.6 मिमी, पत्थलगॉव में 26.5 मिमी, सन्ना में 57.2 मिमी एवं बागबहार में 3.0 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

### जनहानि के मामलों में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम झारमुण्डा निवासी कुंजलाल यादव का सर्पदंश से 30 अगस्त 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पुत्र भुनेश्वर यादव एवं मुन्ना यादव हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### ट्रैक्टर स्कूल भवन से टकराया नाबालिग चालक की मौत

**दरिमा।** ईंट परिवहन कर रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में उतर गया। ट्रैक्टर के गिरने के कारण चालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खर्राडांड निवासी ग्राम छिंदकालो ईंट लने आ रहा था मोतीपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गया। ट्रैक्टर से गिरने के कारण ड्राइवर की मौत हो गई। बुधवार की सुबह 9 बजे खैरागढ़ से शुभदेव पिता शिवलाल (15वर्ष), अनुज (16वर्ष) आयुष एवं एक अन्य किशोर के साथ जयलाल अगरिया (16वर्ष) ट्रैक्टर से ईंट लेने छिंदकालो जा रहा था। मोतीपुर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गया तथा स्कूल भवन से टकरा गया। चालक शुभदेव की नीचे गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी तथा साथियों को भी चोटें आई है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजन एवं पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूर एवं चालक नाबालिग थे। चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था।

### खलासी का अस्पताल में चल रहा उपचार

# तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- डंफर पलटने से चालक डंफर अंदर ही फंसा

जिला मुख्यलय से आरा जाने वाले रास्ते पर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सकरडेगा पास एक तेज रफ्तार डंफर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। डंफर के पलटने से चालक डंफर के अंदर ही फंस गया था।

बहुत मशक्कत के बाद चालक और खलासी को निकालकर ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित किया और खलासी का इलाज चल रहा है। थाना कोतवाली में आईपीसी की धारा 289, 237 और 304 में अपराध दर्ज कर विवेचना जारी है।



पल्टी हाइवा।



हाइवा के अंदर फंसा चालक।

**रुक नहीं रही सड़क दुर्घटना लगातार हो रहे हादसे**

लगातार हो रही सड़क दुर्घटना में जान माल की क्षति बढ़ती ही जा रही है। वर्ष 2024 में 5 महीने में मई तक सड़क हादसे में 155 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 91 लोग घायल हो चुकी है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए चार शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के चार शिक्षकों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला पंचायत के सीईओ ने प्रमाण देकर सम्मानित किया है। सम्मानित किए गए शिक्षक जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे कार्यक्रम, एफएलएन,एनएएस व यशस्वी जशपुर जैसे प्रोग्राम में सहयोग कर रहे थे।

शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यो की पहचान बिनोवा एप्लीकेशन के माध्यम से हो रही है। अप्रैल माह में किए गए शिक्षकों के कार्यों और समर कैंप की गतिविधियों को विनोबा एप में अपलोड किया गया था। अपलोड की गई इन गतिविधियों के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार से मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत अभिषेक कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग की ओर से जिले में मई महीने में समर कैंप का आयोजन कराया गया था। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चो को छुट्टी के समय में भी पढ़ाई से जोड़े रखा गया था। इसमें खेल-खेल में बच्चो ने ज्ञान का अर्जन भी किया। विनोबा भावे टीम के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के



शिक्षक को सम्मानित करते सीईओ।

- यशस्वी जशपुर जैसे कार्यक्रम में कर रहे थे सहयोग

नोडल अधिकारी, संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता और यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा की उपस्थिति में शिक्षक दिनेश कुमार चौधरी, अंशुता टोप्पो, अरविंद पटेल और सीमा गुप्ता को सम्मानित किया गया। ओपन लिंक फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर अनिरुद्ध मंचीराजू , डीईओ सोमनाथ साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# अपनी जवाबदारी पूरा करने का प्रयास कर रही हूं : रायमुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

क्षेत्रीय विधायक की सक्रियता व कार्यप्रणाली से क्षेत्र की जनता खुश है। दूसरी ओर विधायक का कहना है जनता ने मुझे जो जवाबदारी दी है उसे पूरा करने का प्रयास कर रही हूं।

वर्तमान महिला विधायक रायमुनी भगत इतनी सक्रिय है कि, चुनाव के बीत जाने के बाद भी आम जनता के बीच जाना नहीं भूलती। वे कहती है की यही मेरा फर्ज है। हरिभूमि से खास चर्चा में उन्होंने बताया कि किस तरह से पिछला विधायक चुनाव जीतने के बाद गायब हो गये थे। यहां हर तरफ सुविधा का अभाव था पूर्व विधायक इन सब चीजों पर सुध नहीं लेते थे। मगर आज हमने कुछ दिनों में ही जिले की स्वास्थ सेवा समेत सारी असुविधाओं को दूर कर दिया है। आज क्षेत्र की जनता बिना झिझक मुझसे मिलती है और कहती है इस तरह मिलना पूर्व विधायक से संभव नहीं हो पाता था। आज वे अपनी हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान विधायक के घर आकर करा पाते हैं। करबला रोड निवासी एहसान अंसारी बताते है कि विधायक रायमुनी वही अपनी पुरानी वैगन आर से रोज़ सुबह आम जनता से भेट मुलाकात करते हुए अपने फार्म हाउस टिकैतगंज जाती है। विधायक रायमुनी का कहना है कि मेरे क्षेत्र की जनता और मेरे कार्यकर्ता ही मेरे लिए सब कुछ है। इनके लिए कार्य करना ही मैं अपना धर्म समझती हूं।



- विधायक रायमुनि का हरिभूमि से बातचीत
- छोटी-बड़ी समस्या का तत्काल हो रहा समाधान

### क्षेत्र के विकास में लगातार कर रही कार्य

विधायक निवास के आस पास के लोगो का कहना है कि विधायक रायमुनी बहुत अच्छी और सुलझी हुई हैं। क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। इनसे मिलना बात करना बहुत आसान है।

### सभी कार्यकर्ता मेरे लिए प्रिय

जनता ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने का में पूरा प्रयास कर रही हू, आगे और भी कार्य करते हुए जनता की सेवा करना है। कार्यकर्ताओं के बिना कुछ भी करना कठिन है। इसलिए सभी कार्यकर्ता मेरे प्रिय हैं।

**श्रीमती रायमुनि भगत,**
विधायक जशपुर

# सिकलसेल पीड़िता को रेफर होने के बाद घंटों नही मिली एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- उजागर हुई जिला अस्पताल की लापरवाही

सन्ना क्षेत्र के छिछली पीएचसी से रेफर ग्रामीण महिला मंगलवार दोपहर 11 बजे जिला अस्पताल जशपुर आई थीं। डॉक्टर द्वारा जांच करने पर पाया गया कि वह 8 महीने की गर्भवती है और एक हफ्ते पहले ही गर्भ में उसके बच्चे की मौत हो चुकी है। महिला सिकलीन पॉजिटिव है इस लिए उसका न तो नार्मल डिलीवरी हो सकता और न ही सिजेरियन ऑपरेशन से।

मंगलवार दोपहर 11 बजे से लेकर बुधवार शाम 5 बजे तक महिला को रेफर नहीं किया गया था। जब महिला के परिजन ने बात की जानकारी जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत को दी। तब विधायक ने आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंच कर डॉक्टरों से बात की और मरीज के बारे में जानना चाहा। उन्हें बताया गया कि महिला की हालत गंभीर है। यहां उसका इलाज नहीं किया जा सकता है। विधायक ने जानना चाहा,कि उसे बड़े हॉस्पिटल में रेफर क्यों नही किया गया।

इस पर डॉक्टर का कहना था,कि मरीज को रेफर किया जा चुका है। एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीज को भेजा नही गया है। विधायक द्वारा मुख्य स्वस्थ एवम चिकित्सा अधिकारी से बात कर तुरंत महिला मरीज को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

इस मौके पर जन प्रतिनिधि का फोन न उठाने पर विधायक ने चिकित्सक को फटकार लगाई। विधायक के साथ कृष्ण कुमार राय, नगर पालिका के सभी पार्षद, और भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अस्पताल में विधायक रायमुनि भगत।

### घटना की पुनरावृति न हो

जनप्रतिनिधि के फोन को रिसीव न करना और स्वस्थ सेवा में लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी। किसी के भी जान से खेलने का हक हम किसी को नही दे सकते। जिसके द्वारा भी लापरवाही बरती गई है उसके खिलाफ सख्त कारवाही की जायेगी ताकि। भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति न हो हमारी सरकार इस मामले में बहुत ही संवेदनशील है।

**-रायमुनि भगत**
विधायक जशपुर

### अंबिकापुर मेडिकल कालेज रिफर

मंगलवार 11 बजे छिछली पीएचसी से रेफर की हुई महिला जिला अस्पताल में भर्ती हुई है जांच के बाद पता चला की बच्चा गर्भ में ही एक हफ्ते पहले मर चुका है। यह बात मरीज के घरवालों को तुरंत बता दी गई थी। मरीज सिकलिन पॉजिटिव है इस लिए यहां न तो नार्मल और न ही सिजेरियन किया जा सकता है। मरीज को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

**-डॉ ममता साय**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

### समस्याओं की सूची बनाकर भेजने के निर्देश

# बैठक में सुनी गई पुलिस परिवार की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

एसपी शशिमोहन सिंह के निर्देश पर रक्षित केन्द्र के सभाकक्ष में बुधवार को पुलिस परिवार की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने ध्यान से सुनने के बाद रक्षित केन्द्र के निरीक्षक को समस्याओं के निराकरण के लिए का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए हैं।

रक्षित केन्द्र जशपुर स्थित सभाकक्ष में 19 जून को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एवं रक्षित केन्द्र के निरीक्षक अमरजीत खूंटे की उपस्थिति में पुलिस परिवार की मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में रक्षित केन्द्र परिसर एवं वायरलेस पुलिस लाईन स्थित शासकीय आवास में निवासरत पुलिस परिवार की महिलाएं एवं बच्चे बहुतायत संख्या में उपस्थित हुए। उपस्थित महिलाओं ने शासकीय आवास वाले क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण, रोड लाईट, पानी, नए मकान के पुर्ननिर्माण, खुला बाथरूम जैसी रोजमर्या के जीवन में आने वाली परेशानियों से अवगत कराया है। समस्याओं के निदान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित निरीक्षक को शीघ्र प्रस्ताव बनाकर वरिष्ठ कार्यालय में भेजने हेतु निर्देशित किया गया। पानी एवं रोड लाईट की समस्या को नगरपालिका से सामंजस्य स्थापित कर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। वायरलेस लाईन जशपुर स्थित पुराने मकान जर्जर हो गए है जिसका मरम्मत कराकर पुलिस परिवार निवासरत है। इसके लिए नए मकान के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। इस पर शीघ्र कार्रवाई करने संबंधितों को निर्देशित किया गया है। पुलिस कालोनी परिसर में ओपन बाथरूम की आवश्यकता बताया गया है। जिस पर रक्षित निरीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस परिवार के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण व जांच कराने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित निरीक्षक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से सामंजस्य बनाकर हेल्थ चेकअप कैंप लगाने निर्देशित किया गया है।



पुलिस परिवार की समस्या सुनते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक।



## खबर संक्षेप



### सिकलसेल जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**रायगढ़।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट परिसर से सिकल सेल जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तियां, बायोमेडिकल इंजीनियर नीति राज सिंह उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायगढ़ नगर निगम क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया के लक्षण जैसे खून की कमी, सिरदर्द तेज बुखार, थकावट सांस फुलना, पेट में सूजन होना हाथ पैर के जोड़ो में दर्द आदि के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान करते कर इसकी जांच करवाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

### वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी का प्रशिक्षण 24 से

**सारंगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कोर्स का निःशुल्क मासिक प्रशिक्षण 24 जून से प्रारंभ किया जाएगा जो 23 जुलाई तक संपन्न होगा। प्रशिक्षण के लिए वाट्सअप नंबर 7974942078 में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहनाए खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। अधिक जानकारी के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रायगढ़ में और 8656919787, 7999984982 पर संपर्क कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 35-35 सीट निर्धारित हैं।

### एसडीएम ने की सिकलिंग जांच कार्यक्रम की शुरुआत

**घरघोड़ा।** विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर 19 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में अनुविभागीय अधिकारी रा रमेश कुमार मोर, द्वारा विकासखण्ड स्तरीय सिकलिंग जांच, स्क्रीनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय कुमार लकड़ा, चिकित्सा अधिकारी डॉ नैन्सी लकड़ाए डॉ विकास कुमार शर्मा द्वारा सिकलसेल बीमारी के बचावए रोकथाम जांच .उपचार के बारे जानकारी आम जनता एवं सिकलसेल पीड़ति व्यक्तियों को प्रदान की गई। अनुविभागीय अधिकारी रा द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से सिकलसेल जांच किए जाने की सुविधा उपलब्ध कराए जाने व ग्राम स्तर पर समाज मे जन जागरूकता लाने हेतु उदबोधन किया गया। साथ ही अस्पताल एवं परिसर का निरीक्षण कर स्वच्छता व मरीजो को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को सराहा गया। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर आयुष चिकित्सा अधिकारी चिरायु टीम डॉ. भानुप्रकाश कुर्रे, डॉ कामिनी गुप्ता, एवं आरएमए श्रीमती गीता साहू, नर्सिंग सिस्टर श्रीमती गीता चौधरी, स्टॉफ नर्स, बीईटीओ विनोद एक्का, बीएमई पर्यवेक्षक रोहित कुमार डनसेना, बीडीएम सुनित कुजूर व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी, मितानिन उपस्थित रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में वर्चुवल कार्यक्रम, लाभार्थी किसान हुए शामिल

# 85 हजार किसानों के खाते में 17 करोड़ 31 लाख की सम्मान निधि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के कार्यक्रम में शामिल होकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 17वीं किस्त देश के 9.26 करोड़ किसानों के खातों में लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किए। जिसमें रायगढ़ जिले के कुल 85 हजार 612 किसानों के खाते के 17 करोड़ 31 लाख की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी हुआ। रायगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आये लाभार्थी किसान वर्चुअल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मोटे अनाज, औषधि गुण वाले एवं प्रकृति खेती की ओर बढन्ना होगा। आज पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के माध्यम से किसानों के लिए एक बड़ा सपोर्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माता बहनों के बिना खेती की कल्पना संभव नहीं है। जिसके लिए माता बहनों की भूमिका का विस्तार किया जा रहा है। नमो ड्रोन दीदी की तरह ही कृषि सखी कार्यक्रम ऐसा ही एक प्रयास है। जिसमें कृषि सखी के रूप में कृषि को एक नई ताकत देखने को मिलेगी। इस दौरान श्री मोदी ने सीधे लाभार्थियों के साथ बातचीत कर उनका हाल चाल पूछा। उन्होंने कहा कि अपने किसान भाई.बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। काशी की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है।



कृषि केन्द्र में सम्मान निधि के लाभार्थी किसानों की मौजूदगी में किशत का वितरण।

उल्लेखनीय है कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को हर चार महीने में 2000 रुपए की राशि तीन किस्तों में सालाना 6000 हजार रुपए मिलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नौजवान, नारी शक्ति एवं गरीब किसान विकसित भारत का मजबूत स्तंभ है। यहीं कारण है कि मैं अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत इन्हीं के सशक्तिकरण के साथ कर रहा हूं। इसलिए सरकार बनते ही पहला फैसला किसान एवं गरीब परिवार से जुड़े फैसले लिए हैं।

जिसमें पीएम आवास के तहत नए घर बनाने हो या पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढन्ना, जिससे करोड़ो कृषक परिवारों को आगे बढन्ने में मदद मिले। इस अवसर पर डीन डॉ.एके सिंह, उप संचालक कृषि एके वर्मा एडी अजय जायसवाल, कृषि वैज्ञानिक डॉ मनिषा चौधरी, कृषि वैज्ञानिक डॉ.केडी महंत, एडी भगत, डॉ सविता आदित्य, डॉ. पटेल, डॉ.एमके साहू, आशुतोष सहित कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सरसींवा का करोड़पति ठगबाज शिवा साथियों समेत गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

पिछले कई महीने से पुलिस के साथ आंख मिचौली का खेल खेल रहा छत्तीसगढ़ का महाठग शिवा साहू आखिरकार गिरफ्तार हो गया है। पुलिस ने इसे करीब 2 करोड़ रूपए की शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शिवा सहित 7 अन्य आरोपी साथियों को भी ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सारंगढ़ एसपी पुष्कर शर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद प्रेसवार्ता कर कार्रवाई की विस्तार से जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक शिवा साहू के खिलाफ सरसींवा थाना पुलिस के पास सक्ति के सौरभ अग्रवाल ने 2 करोड़ रुपये की ठगी और बेलमुड़ी के गिरवर निराला ने 26 लाख रुपए की ठगी का केस दर्ज कराया था। जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने महाठग शिवा साहू सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें शिवा का दोस्त सूर्यकांत साहू, रमेश साहू, दिनेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू और भागवत साहू शामिल है। शिवा पर कुल 2 करोड़ 26 लाख रूपए की ठगी का आरोप है, ये पूरी कार्रवाई सरसिंवा पुलिस द्वारा की गई है। 'पुलिस के मुताबिक शिवा साहू के खिलाफ आरोप हैं कि उसने लोगों ने पैसे डबल करने के नाम पर धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि शिवा ने 30 प्रतिशत ब्याज देने का वादा किया था और कहा था कि पैसे आठ महीनों में दोगुने हो जाएंगे। उसने चार लोगों से 2 करोड़ से अधिक की ठगी की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी शिवा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। वहां लोगों की भीड़ ने थाने को घेर लिया था और नारेबाजी करते हुए शिवा को अपने साथ ले गए।

## प्राकृतिक आपदा का मुआवजा देने पुलिस रिपोर्ट की प्रतीक्षा

**रायगढ़।** जून के प्रारंभ में आंधी तूफान से करियर कॉलेज ऑफ नर्सिंग चिटकाकानी में हादसा हो गया था। कॉलेज बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर की छत पर करीब दो साल से अधूरी पड़ी जर्जर दीवार नीचे गिर गई। नीचे योगेश साहू निवासी रक्सा सारंगढ़ का पांच वर्षीय पुत्र मयंक खेल रहा था। दीवार सीधे मयंक पर गिरी और उसकी मौत हो गई।

मयंक का छोटा भाई भी बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना की सूचना एसडीएम रायगढ़ और चक्रधर नगर पुलिस को मिली। दरअसल यह मामला कॉलेज प्रबंधन और ठेकेदार की लापरवाही से जुड़ा है। पुरानी दीवार जर्जर हो चुकी थी। अभी वहां नए भवन का निर्माण चल रहा है। बताया जा रहा है कि घटिया निर्माण की वजह से दीवार गिरी।

## पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा शासकीय किरोड़ीमल विज्ञान एवं कला महाविद्यालय में भूमि का पुर्नद्धार मरूस्थलीकरण और सूखे से निपटने की शक्तिए हमारी भूमि हमारा भविष्य, हम पुर्नद्धार की पीढ़ी है विषय पर महाविद्यालयीन, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य के साथ पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष के विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक कविता वाचन प्रतियोगिता कक्षा 9 वीं से 12 वीं तकए भाषण प्रतियोगिता महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए तथ ईको फ्रैन्डली क्राफ्ट प्रतियोगिता सभी वर्गो के लिए आयोजित किया गया।

## सड़क के गड्ढे नहीं भरे जाने से राहगीर परेशान, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नगर पंचायत कार्यालय के सामने महात्मा गांधी चौक के पास सड़क पर गड्ढे को समय पर नहीं भरा जा रहा है। जिससे उसका आकार बढ़ता जा रहा है और वह बदहाल होती जा रही है। जिससे इन पर गुजरने वाले राहगीर परेशान हैं। जबकि जिम्मेदार अफसर इनकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। परिणाम स्वरुप लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। नगर पंचायत सरिया के मुख्य मार्ग तथा गांधी चौक व नगर पंचायत कार्यालय के सामने लंबे समय से यहां सड़क पर गड्ढा बना हुआ है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है।

बरसात के समय गड्ढे में पानी भरे रहने से स्कूली छात्र छात्राओं सहित आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी होती है। यह सब जानते हुए नगर पंचायत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि भी खामोश बैठे हुए हैं। किसी ने इस और सुधार कार्य के लिए ध्यान नहीं दिया। नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में सबसे पहले



अतिथियों का स्वागत यही से प्रारंभ होता है। गाजेबाजे एवं आतिशबाजी के साथ अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया जाता है। लेकिन इसी स्थल के पास सड़क पर गड्ढे को कोई भी जिम्मेदार इसके मरम्मत के लिए आगे नहीं आते। विगत दिनों सांसद महोदय का सरिया आगमन हुआ यह सब जानते हुए भी जिम्मेदार अधिकारी सड़क के गड्ढे को काटने में रुचि नहीं दिखाई बदहाल सड़क से होकर सांसद महोदय को आना पड़ा बदहाल सड़क के कारण हमेशा भय बना रहता है। विदित हो कि चंद्रपुर मार्ग पर भारी वाहनों के आवाजाही पर प्रतिबंध लगने के कारण बड़ी संख्या में भारी वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। जिसके कारण गड्ढा का आकार और बढ़ता जा रहा है। तथा हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बरसात के पूर्व सड़कों की मरम्मत का होना अति आवश्यक माना जाता है।

लेकिन संबंधित विभाग उदासीन रवैया अपना रहा है। जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग किया है कि गांधी चौक स्थित मुख्य मार्ग के सड़क के गड्ढे को शीघ्र मरम्मत की जाए।

## पैदल जा रहे युवक को ट्रेलर ने कुचला

**रायगढ़।** कुडुमकेला मार्ग में पैदल जा रहे एक युवक तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर चालक ने अपनी चपेट मे लियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कुधरीपारा निवासी लालकुमार मांझी 40 वर्ष कुडुमकेला में किसी दुकान में काम करता थाए जिससे बुधवार की सुबह भी काम पर गया था और रात में दुकान बंद होने के बाद वह पैदल ही अपने गांव जाने के लिए निकला था। इस दौरान रात करीब 10 बजे कुडूमकेला कुधरीपारा मोड़ के पास पहुंचा था, तभी एक तेज गति से जा रहे ट्रेलर चालक ने उसे अपनी चपेट मे लियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी धरमजयगढ़ के निर्देश पर घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं मृतक के परिजन गांव के पंच सरपंच जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए इनकी मांग है कि दुर्घटनाकारित वाहन को पकडक़र चालक को गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

## जंगल में छिपा कर रखा ट्रेलर बरामद चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

बीते सोमवार की शाम थाना पूंजीपथरा में ट्रेलर वाहन सीजी 13 एएस 9155 के ड्राइवर अनुज कुमार यादव उम्र 24 साल निवासी पटसरा थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड लिखित आवेदन देकर ट्रेलर वाहन चोरी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। ट्रेलर वाहन का चालक बताया कि पिछले 2 महीने से रायगढ़ में आकर अनूप रोड केरियर में ड्राइविंग का काम करता है, ट्रांसपोर्ट की ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एएस 9155 को चला रहा है।

17 जून को दोपहर डोंगामहुआ पावर प्लांट में कोयला खाली कर सुबह करीब 8 बजे ट्रेलर को सर्विसिंग कराने ओम मोटर गेरवानी लेकर आ रहा था। दोपहर करीब 12 बजे सिंघल गेट तराईमाल के पास ट्रेलर को सड़क किनारे खड़ी कर वाहन की चाबी गाड़ी में ही छोड़कर दिशा मैदान के लिए गया था। 20-25 मिनट बाद आकर देखा तो ट्रेलर नहीं थी कोई अज्ञात चोर वाहन चोरी कर ले गया था। ट्रेलर वाहन के डिक्की में रखे ड्राइवर का आधार कार्डए



ड्राइविंग लाइसेंस और नगदी रकम 13 हजार रुपए भी अज्ञात चोर ट्रेलर वाहन समेत चोरी कर ले गया था। चोरी के आवेदन पर थाना पूंजीपथरा में अज्ञात आरोपी पर धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। समय रहते वाहन चोरी की सूचना मिलते ही नवपदस्थ थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा तत्काल माल मुलाजिम की पतासाजी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर सभी थाना क्षेत्र में नाकेबंदी कर चोरी ट्रेलर वाहन की पतासाजी का पॉइंट दिया गया और अपने स्टाफ व ट्रक ड्राइवर को साथ लेकर घटनास्थल जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर चेक किए और मुखबीरों को सक्रिय किया गया। वाहन पतासाजी करते हुए संदेही कुलदीप सिंह को हिरासत में लिया गया। कुलदीप सिंह पूर्व में प्लांट ड्रायवरी का काम करता था, कुछ दिनों से खाली था जिसे वाहन के पास मंडराते देखा गया था। संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने वाहन चोरी कर सराईपाली जंगल में छिपा कर रखना बताया। आरोपी कुलदीप सिंह पिता स्व. लोटन सिंह उम्र 30 साल निवासी बेलझरिया थाना मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही छत्तीसगढ़ के मेमोरेंडम पर चोरी ट्रेलर वाहन सीजी 13 एएस 9155 कीमती 60 लाख रुपए तथा नगदी रकम 2,650 रुपए बजाफ्ता शुमार जप्त किया गया है। पूंजीपथरा पुलिस की तत्परता से वाहन चोरी के आरोपी को चंद घंटे में मय माल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर वाहन चोरी की त्वरित कार्यवाही में निरीक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, विजय एक्का, प्रधान आरक्षक राधेश्याम कमल, आरक्षक बालचंद राव, निर्दोश लकडा, सिकंदर तिर्की की अहम भूमिका रही है।

## अज्ञात कारणों से लगाई फांसी, दो की मौत

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र निवासी युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पतरापाली कोतरलिया निवासी छबी चौहान पिता कीर्तन चौहान उम्र 22 वर्ष निवासी कोरियर बांटने का काम करता था। परिजनों ने बताया कि वह खाली समय में मोबाइल अत्यधिक गेम खेलता था। मंगलवार की शाम जब उसकी मां कमरे में आई को फांसी के फंसे पर उसे लटकता देख किसी तरह उसने घर के अन्य सदस्यों को बुला कर उसे उतारा गया। वहीं आनन फानन में जब उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो कुछ देर के प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। इसी तरह दूसरी घटना कोतरा रोड थाना क्षेत्र की है, जहां किरोड़ीमलनगर में रहने वाले कंपनी के क्रेन ऑपरेटर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## प्रतिबंध के बाद भी बरमकेला में जारी रेत का अवैध परिवहन

**रायगढ़।** बारिश का समय आने के बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में किसी भी नदी में किसी भी तरह की खुदाई पूर्णतः वर्जित है लेकिन यह आदेश केवल कागजो में सिमित नजर आ रहा है वास्तविकता तो कुछ और ही है बरमकेला की सड़को में रेत माफिया बेधड़क बिना किसी डर भय के अपने वाहनों पर अवैध रेत भरकर जाते दिख रहे है। बरमकेला में आने वाले रेत माफिया लगभग 80 प्रतिशत लोग कटंगपाली से चंद्रपुर रोड होते हुए बरमकेला पहुंचते है जहा सबसे पहले उन्हे थाना पार करना होता जिसे वे निर्भीक होकर पार करते है इसके बाद जो ट्रैक्टर चाँटीपाली चनामुड़ा की ओर जाती है उसे तहसील कार्यलय पार करके गुजरना होते जिसे रेत माफिया बेखौफ़ होकर पार करते है। बरमकेला क्षेत्र मे सबसे ज्यादा तस्कर सुबह 6.8 बजे तक सक्रिय रहते है सुबह सुबह प्रायः हर रोड पर रेत से भरे ट्रैक्टरों की लाइन लगी होती है सबसे ज्यादा चंद्रपुर रोड मे रेत से भरे ट्रेक्टर चलते है।

> इस विषय पर जानकारी प्राप्त करने के दूरभाष के द्वारा सम्पर्क किया तब वे अपना पड़ला झाड़ते नजर आये उन्होंने कहा की आप माइनिंग आफिसर से लिखित शिकायत कीजिए।
> **कोमल प्रसाद साहू**
> **प्रभारी तहसीलदार बरमकेला**

## 14 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतरारोड़ को मुखबिर से मिली सूचना पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा कुर्मापाली रोड़ पर आरोपी ओम प्रकाश चौहान पिता नेहरू लाल चौहान निवासी सुरसी थाना डभरा जिला सक्ती आरोपी खेमनाथ चौहान पिता लक्ष्मण चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी सुरसी थाना डबरा जिला सक्ती को पैदल अवैध बिक्री के लिये शराब परिवहन करते पकड़ा गया है। आरोपियों के पास 7-7 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुआ है। आरोपियों पर थाना कोतरारोड़ में पृथक पृथक धारा 34(2) 59 (क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी कोतरारोड त्रिनाथ त्रिपाठी के निर्देश पर कार्रवाई में प्रधान आरक्षक जयप्रकाश सूर्यवंशी एवं आरक्षक चंद्रेश पांडे शामिल रहे।



## मुखबिर की सूचना पर सारंगढ़ पुलिस की कार्रवाई

# 45 किलो गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ

17 जून को सारंगढ पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि पिकअप में प्रकाशपुर ओडिसा से गांजा लेकर सरिया आ रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ और गवाहों के ग्राम कंचनपुर मेन रोड में घेराबंदी कर पिक अप को रोका गया! पिक अप की विधिवत तलाशी लेनेपर दो बोरियों में पहली प्लास्टिक बोरी में 23पैकेट तथा दूसरे प्लास्टिक बोरी में 22 पैकेट प्रत्येक पैकेट में एक किलो कुल 45 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

पिकअप चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम ठाकुर मिरधा



पिता देवकीलोचन मिरधा उम्र 33 वर्ष सा पाइकमाल जिला बरगढ़ निवासी बताया। आरोपी से बरामद 45 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 450000, एक वीवो कम्पनी का मोबाइल कीमती 3000, और परिवहन में प्रयुक्त पिकअप क्र सीजी 06 जीएक्स 1978 कीमती 50000 कुल कीमती 953000 को समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय के आदेश से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में उप निरी प्रमोद यादव एएसआई रामकुमार प्रआर अर्जुन पटेल, सत्यम मंडलोई आर राजकुमार, अमर खूंटे, अनुज, प्यारेलाल एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## लापता बालिका गाजियाबाद से बरामद

**रायगढ।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र से लापता हुई बालिका को उसके गांव से दस्तयाब किया गया है। बालिका अपने बयान में आरोपी संजय रैकवार उर्फ संजय केंवट निवासी जिला टिकमगढ़ मप्र द्वारा बहला फुसलाकर घरघोड़ा से रायगढ़ और रायगढ़ से गाजियाबाद भगा ले गया था। गुम बालिका के लापता होने की रिपोर्ट 27 अगस्त 23 को उसकी मां द्वारा थाना घरघोड़ा में आवेदन देकर दर्ज कराई थी। बालिका की मां बताई कि उसकी लड़की 26 अगस्त 23 के सुबह बिना बताए कहीं चली गई है। आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में धारा 363 कायम कर विवेचना में लिया गया। 17 जून को बालिका को दस्तयाब कर बालिका का महिला अधिकारी से कथन कराया गया ।

